RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 मुंबई, गुरुवार 25 सितम्बर 2025 वर्ष 07 अंक 159 संपादक : फैसल शेख पृष्ठ : 4 कीमत : 03 रुपये

दैनिक रोकठोक लेखनी ® खबरें बे-रोकटोक

मुंबई: बाढ़ के कारण राज्य में 8 लोगों के मौत; 10 लोग घायल



Page - 2

## ‘दादा’ का मास्टरस्ट्रोक:

उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने यानी दादा ने बड़ा मास्टरस्ट्रोक लगाया है। दरअसर वे आज सोलापुर में बाढ़ की स्थिती का जायजा ले रहे थे। जिसके बाद उन्होने बड़ा निर्णय लेते हुए एक आदेश निकाया जिसके अनुसार राकांपा के सभी मंत्री, सांसद, विधायक और विधान परिषद सदस्य अपना एक महीने का वेतन मुख्यमंत्री राहत कोष में जमा करेंगे।

# बाढ़ पीड़ितों को देंगे राकांपा नेता...

## मंत्री-विधायक और सांसदों को मिला आदेश



पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे ने यह जानकारी दी और यह निर्णय महाराष्ट्र में आई बाढ़ के मद्देनजर लिया गया है। तटकरे ने कहा कि संकट की इस कठिन घड़ी में हर नेता का महाराष्ट्र की जनता के साथ खड़ा होना जरूरी है।

इस बीच, उपमुख्यमंत्री और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजित पवार ने अपने सभी पूर्व नियोजित कार्यक्रम रद्द कर दिए और बाढ़ प्रभावित इलाकों का सीधा दौरा किया। आज वे सोलापुर, धाराशिव और बीड ज़िलों का व्यक्तिगत रूप से दौरा कर रहे हैं और स्थानीय मंत्रियों के साथ बाढ़ की स्थिति की समीक्षा कर रहे हैं।

### बाढ़ पीड़ितों के लिए 2,215 करोड़ रुपये की सहायता की घोषणा

महाराष्ट्र सरकार भारी बारिश से प्रभावित किसानों के साथ मजबूती से खड़ी है और उन्हें हर संभव सहायता प्रदान करेगी। अब तक 2,215 करोड़ रुपये की सहायता की घोषणा की जा चुकी है। साथ ही, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने घोषणा की है कि मौजूदा मानदंडों में ढील देकर किसानों को और अधिक सहायता प्रदान की जाएगी।

### सरकार हर संभव मदद करेगी- अजित पवार

उपमुख्यमंत्री अजित पवार मराठवाड़ा के बाढ़ प्रभावित इलाकों के दौरे पर हैं। इस दौरान किसानों ने अजित पवार से मांग की कि सरकार बाढ़ प्रभावित लोगों की मदद करे। कई किसानों की फसलें बह गई हैं, जमीनें कट गई हैं। इस पर अजित पवार ने कहा, ‘मैं यह सब देखने आया हूँ। पानी निकलने दीजिए, देखते हैं कितनी जमीन बह गई है। जिनकी जमीनें कट गई हैं, जिनकी जमीनें नदी के किनारे हैं, वो गरीबों की जमीन है, अगर बह गई है, तो हमने इस बारे में फैसला ले लिया है। पानी निकल जाने पर सरकार सबकी मदद करेगी।’

# समृद्धि महामार्ग पर स्थित दो इंटरचेंजों पर सौर ऊर्जा उत्पादन आधिकारिक तौर पर शुरू...



**मुंबई** : राज्य भर में एक्सप्रेसवे बनाने के साथ-साथ, महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास निगम अब अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में भी अपनी पहचान बना रहा है। हिंदू हृदय सम्राट बालासाहेब ठाकरे महाराष्ट्र समृद्धि महामार्ग पर स्थित दो इंटरचेंजों पर सौर ऊर्जा उत्पादन आधिकारिक तौर पर शुरू हो गया, जिससे यह देश का पहला एक्सप्रेसवे बन गया जिसमें इस तरह की सौर परियोजना शामिल है। नागपुर को मुंबई से जोड़ने वाला 701 किलोमीटर लंबा समृद्धि एक्सप्रेसवे अपनी शुरूआत से अब तक 2.25 करोड़ से ज्यादा वाहनों का आवागमन कर चुका है। परियोजना की शुरूआत से ही, एमएसआरडीसी ने न केवल तेज कनेक्टिविटी बल्कि स्वच्छ ऊर्जा के दोहन की भी कल्पना की थी। इस योजना में मार्ग पर स्थित सभी इंटरचेंजों पर 204 मेगावाट की संचयी क्षमता वाले सौर संयंत्र स्थापित करना शामिल है।

# मुंबई : 23 साल के बेटे ने अपने पिता और दादा की चाकू मारकर हत्या कर दी



**मुंबई** : महाराष्ट्र के मुंबई के अंधेरी पूर्व के तक्षशिला इलाके में डबल मर्डर की सनसनीखेज घटना सामने आई है. 23 साल के बेटे ने अपने पिता और दादा की चाकू मारकर हत्या कर दी. बताया जा रहा है कि पिता और दादा शराब पीकर लगातार गाली-गलौज और हंगामा करते थे, जिससे नाराज होकर बेटे ने आधी रात को दोनों की हत्या कर दी. रात में पिता शराब पीकर पैसे मांग रहे थे और गाली-गलौज कर रहे थे, तभी गुस्से में बेटे ने 52 साल के पिता की हत्या कर दी. उसी दौरान झगड़ा शांत कराने आए 75 साल के दादा और 45 साल के चाचा पर भी बेटे ने चाकू से हमला कर दिया.

**बेटा चाकू लेकर पुलिस स्टेशन पहुंचा और सरेंडर कर दिया**

इस हमले में चाचा गंभीर रूप से घायल हो गए हैं और उनका इलाज जोगेश्वरी के ट्रॉमा केयर अस्पताल में चल रहा है. करीब रात 2 बजे जब पिता और दादा शराब पीकर हंगामा कर रहे थे, तभी गुस्से में आकर बेटे ने धारदार चाकू से दोनों की हत्या कर दी. हत्या करने के बाद बेटा चाकू लेकर एमआईडीसी पुलिस स्टेशन पहुंचा और सरेंडर कर दिया. एमआईडीसी पुलिस को घटना की जानकारी मिलते ही वह मौके पर पहुंची और दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए कूपर अस्पताल भेजा. फिलहाल पुलिस ने हत्या करने वाले बेटे के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है.

# मुंबई: आरे मिल्क कॉलोनी की मुख्य सड़क पर स्पीड ब्रेकर लगाना शुरू...




**मुंबई** : आरे मिल्क कॉलोनी की मुख्य सड़क पर तेज रफ़्तार से चलने वाले वाहन पैदल यात्रियों और वन्यजीवों, दोनों के लिए खतरा बन रहे हैं, बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) ने इस सड़क पर स्पीड ब्रेकर लगाना शुरू कर दिया है. हालाँकि, दो महीने से भी कम समय में, ट्रैफिक नियंत्रण उपकरणों पर लगे सफेद निशान गायब हो रहे हैं. आरे मिल्क कॉलोनी की मुख्य सड़क पर स्पीड ब्रेकर लगाने की जरूरत है, क्योंकि तेज रफ़्तार के कारण दुर्घटनाएँ होती हैं. नगर निगम ने यूनिट 5, पिकनिक पॉइंट जंक्शन, कोम्बट पाड़ा और कॉलोनी के मुख्य प्रवेश द्वार पर स्पीड ब्रेकर लगवा दिए हैं, क्योंकि यह सड़क उसके अधिकार क्षेत्र में आती है. वाहन चालक अक्षय राणेक ने कहा, ‘हमें खुशी है कि बीएमसी ने मुख्य सड़क पर बेहद जरूरी स्पीड ब्रेकर बनाए, जहाँ वाहन चालक और दोपहिया वाहन चालक अक्सर तेज गति से वाहन चलाते हैं. हालाँकि, दो महीने से भी कम समय में, स्पीड ब्रेकर पर लगे निशान मिट रहे हैं. इस वजह से, ये उपकरण दिखाई नहीं देते, जो और भी खतरनाक है, क्योंकि दुर्घटनाएँ हो सकती हैं.’ आरे मुख्य सड़क, जो गोरेगांव में वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे को पवई और मरोल से जोड़ती है, पर हर दिन 25,000 से ज्यादा वाहन चलते हैं.

# कल्याण : अवैध बैनर, पोस्टर और झंडे हटाने के लिए विशेष अभियान शुरू




**कल्याण** : कल्याण डोंबिवली नगर निगम (केडीएमसी) ने शहर भर में अवैध बैनर, पोस्टर और झंडे हटाने के लिए एक विशेष अभियान शुरू किया है। इस अभियान के दौरान कुल 890 ऐसी सामग्री हटाई गईं। अधिकारियों के अनुसार, यह कार्रवाई आयुक्त अभिनव गोयल के निर्देशों पर की गई। बैनर और पोस्टरों के अनधिकृत प्रदर्शन से शहर की छवि खराब हो रही थी, जिसके चलते अतिक्रमण विभाग ने यह कार्रवाई शुरू की।

# नालासोपारा : ट्रांसफॉर्मर में विस्फोट होने से छह साल की बच्ची की मौत



**नालासोपारा** : नालासोपारा में ट्रांसफॉर्मर में विस्फोट होने से छह साल की बच्ची की आग लगने से मौत हो गई। निवासियों ने ट्रांसफॉर्मर की खराब हालत के बारे में की गई कई शिकायतों को नजरअंदाज करने के लिए अधिकारियों के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई की माँग की है। पुलिस के अनुसार, पीड़िता, नसरीन परवीन शेख, सोमवार रात ट्रांसफॉर्मर के पास खेल रही थी, तभी ट्रांसफॉर्मर में आग लग गई, जिससे नसरीन समेत तीन लोग झुलस गए। दमकल विभाग के कर्मचारी घटनास्थल पर पहुँचे और आग बुझाई, जिसके बाद उन्हें बोलिंज के वसई विरार नगर अस्पताल ले जाया गया। बाद में नसरीन को कस्तूरबा अस्पताल ले जाया गया, जहाँ मंगलवार सुबह 8:30 बजे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि अन्य दो पीड़ितों का इलाज चल रहा है। सहायक पुलिस आयुक्त सुनील जयभाये ने कहा कि आकस्मिक मौत की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और आग के कारणों की जाँच की जा रही है। उन्होंने कहा, ‘विद्युत निरीक्षक की रिपोर्ट मिलने के बाद, ज़िम्मेदार पाए जाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।’

## संपादकीय...



**फैसल शेख**
(प्रधान संपादक)

# खाड़ी देशों को लेकर भी सतर्क रहना होगा...

**खुद को एकमात्र परमाणु शक्ति संपन्न मुस्लिम राष्ट्र के रूप में प्रस्तुत करने वाले पाकिस्तान ने गत 17 सितंबर को सऊदी अरब के साथ एक रणनीतिक पारस्परिक रक्षा समझौते यानी एसडीएमए पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते का एक महत्वपूर्ण पहलू इसकी वह प्रतिबद्धता है कि किसी भी देश पर हुआ हमला दोनों देशों पर आक्रमण माना जाएगा। इस समझौते की प्रकृति को देखा जाए तो यह नाटो जैसा सामरिक गठबंधन है। माना जा रहा है कि खाड़ी देशों के लिए सुरक्षा से जुड़े जोखिम और इजरायल के खतरे ने सऊदी अरब को इस दिशा में सोचने के लिए प्रेरित किया तो पाकिस्तान का ऐसा कोई भी सोच हमेशा भारत केंद्रित होता है। आपरेशन सिंदूर के बाद वह अपने समीकरण नए सिरे से तय करने में जुटा है और यह समझौता भी उसी रणनीति का हिस्सा लगता है। चूंकि बीते कुछ अर्से से भारत ने सऊदी अरब के साथ संबंधों को प्रगाढ़ बनाने की दिशा में काफी कुछ निवेश किया है, इसलिए इस समझौते के निहितार्थों को समझना आवश्यक है।**

**सऊदी-पाकिस्तान के संबंधों की जड़ें बहुत गहरी और पुरानी हैं। यहां तक कि पाकिस्तान निर्माण के पहले से ही सऊदी अरब ने एक तरह से उसका समर्थन शुरू कर दिया था। प्रिंस फैसल ने 1946 में संयुक्त राष्ट्र के मंच पर मुस्लिम लीग की पाकिस्तान परियोजना की पैरवी की थी। सऊदी अरब पाकिस्तान को संप्रभु देश की मान्यता देने वाले शुरूआती देशों में से एक था। सऊदी अरब के प्रिंस सुलतान ने तो 1960 के दौरान यह तक कहा कि पाकिस्तान हमारा सबसे परम मित्र है और हमें जब भी सैन्य मदद की आवश्यकता होती है तो उस पर ही सबसे अधिक भरोसा रहता है। दोनों देशों के सामरिक रिश्तों में इजरायल भी एक पहलू रहा है। उनके बीच पहले औपचारिक रक्षा समझौते की बात करें तो यह 1967 में हुआ। इसमें पाकिस्तान के सैन्य सलाहकारों ने सऊदी सशस्त्र बलों के विस्तार और आधुनिकीकरण में मदद की। सऊदी अरब ने पाकिस्तान से मिली इस मदद का मोल भारत के खिलाफ युद्धों में पाकिस्तान को समर्थन के रूप में चुकाया। भारत के लिए महत्वपूर्ण कश्मीर मुद्दे पर सऊदी अरब पाकिस्तान के पीछे खड़ा रहा।**

Rokthok Lekhani News Update
WhatsApp group

editor@rokthoklekhani.com
+91 9987775650
Faisal Shaikh @faisalrokthok

ROKTHOK
LEKHANI NEWS
KHABREIN BE ROKTOK
Watch Us On YouTube
LIKE
SHARE
COMMENT
SUBSCRIBE
youtube@rokthoklekhani

# मुंबईः बाढ़ के कारण राज्य में 8 लोगों के मौत; 10 लोग घायल

## 31 लाख 64 हजार किसानों को 2,215 करोड़ रुपये की मदद के लिए जीआर जारी



**मुंबईः** महाराष्ट्र के कई जिलों में भारी बारिश से आम आदमी का पूरी तरह से जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। किसानों को भारी नुकसान हुआ है। इसे लेकर मंगलवार को मंत्रिमंडल की बैठक में चर्चा हुई। बैठक के बाद मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि बाढ़ के कारण राज्य में 8 लोगों के मौत हो गई है। करीब 10 लोग घायल हुए हैं। बीड,धाराशिव जिले में भी बचाव कार्य जारी है। एनडीआरएफ ने हेलीकॉप्टरों की मदद से 27 लोगों को सही सलामत सुरक्षित निकाला गया है। 200 लोगों को अलग-अलग सुरक्षित जगहों पर पहुंचा दिया गया है। फिर भी बाढ़ के कारण 8 लोगों की मौत और 10 लोग घायल हुए हैं।

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि अब तक 31 लाख 64 हजार किसानों को 2,215 करोड़ रुपये की मदद के लिए जीआर जारी किया है। इसमें जिलाधिकारी को 1,829 करोड़ रुपये दे दिए हैं। बाकी की रकम आने वाले 8-10 दिन में जिलाधिकारी के पास जमा कर दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि अहिल्यानगर, जलगांव, सोलापुर, बीड और परभणी जिले में भारी बारिश हुई है। अब तक औसतन 102 एमएम बारिश हुई है। बारिश के कारण कुछ इलाकों में लोग बाढ़ के कारण फंसे हुए हैं जिन्हें सुरक्षित निकालने का काम किया जा रहा है। यह काम एनडीआरफ और एसडीआरएफ की 17 टीमें कर रही है।

**मंत्री मंत्रालय में नहीं बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों में जाए**

मंत्रिमंडल की बैठक के बाद मुख्यमंत्री फडणवीस ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि मंत्रियों को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जाने के लिए कहा है, ताकि बाढ़ पीड़ितों की मदद की जा सके। वे खुद भी दौरा करने वाले हैं। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे भी बाढ़ पीड़ियों की मदद के लिए निकल गए हैं।

**पंचनामा का आदेश**

मराठवाडा के कई जिलों में बारिश के कारण किसानों को भारी नुकसान हुए हैं। उनकी फसलें डूब गई है। हजारों घरों में पानी भर गया है। घरों के गिरने और जानवरों के मरने की खबर है। मुख्यमंत्री फडणवीस ने जिलाधिकारी को आदेश दिया है कि नुकसान का पंचनामा करें। ताकी किसानों को मदद मिल सके। जिस जिले में बाढ़ आई है वहां पर बचाव कार्य में करे और यह मदद कार्य रुकना भी नहीं चाहिए।

# तलोजा : लापता कांस्टेबल सोमनाथ काशीनाथ फापले का शव खाड़ी से बरामद



**तलोजा :** रबाले पुलिस स्टेशन के कांस्टेबल सोमनाथ काशीनाथ फापले (31) के लापता होने के एक पखवाड़े बाद तलोजा की एक खाड़ी से एक शव बरामद किया गया, जिसके बारे में संदेह है कि उनका ही शव है। कलंबोली में फापले के घर से लगभग 500 मीटर की दूरी पर मिला शव, पुलिस की वर्दी वाली पतलून और पुलिस बकल बेल्ट पहने हुए था, जिससे यह संदेह पैदा हो गया कि यह उनका ही शव है। पुलिस ने कहा कि परिवार द्वारा शव की पहचान करने के बाद ही पुष्टि संभव होगी। पहचान स्थापित करने के लिए डीएनए परीक्षण भी किया जाएगा।

फापले 5 सितंबर को वाशी में नाइट ड्यूटी छोड़ने के बाद लापता हो गए थे। उनका पता लगाने के लिए पिछले शुक्रवार को एक एसआईटी का गठन किया गया था, जो नवी मुंबई की खाड़ियों में तलाशी ले रही थी। जांच के दौरान, जांचकताओं ने पाया कि फापले ने तलोजा की ओर एक ऑटोरिक्शा लेने से पहले तुर्भे में अपनी मोटरसाइकिल छोड़ दी थी ''हम परिवार और डीएनए परीक्षण के माध्यम से पहचान की पुष्टि का इंतजार कर रहे हैं।

**आगे की जांच जारी**

'' मानव तस्करी निरोधक इकाई (एएचटीयू) के पुलिस निरीक्षक पृथ्वीराज घोरपड़े ने कहा। 11 अधिकारियों वाली एसआईटी का नेतृत्व सहायक पुलिस आयुक्त धर्मपाल बनसोडे कर रहे थे। फापले के रिश्तेदारों के मंगलवार देर शाम तक नवी मुंबई पहुँचने की उम्मीद है। कलंबोली निवासी फापले रबाले में तैनात थे और लापता होने के समय वाशी में बंदोबस्त के लिए ड्यूटी पर थे। वह मूल रूप से अहिल्यानगर के रहने वाले थे। उनकी शादी लगभग दो साल पहले हुई थी और वह अपनी पत्न ी के साथ कलंबोली में रह रहे थे। पिछले हफ्ते, उनके रिश्तेदारों और अहिल्यानगर के अन्य ग्रामीणों ने वाशी पुलिस स्टेशन के बाहर विरोध प्रदर्शन किया था, जिसके बाद एसआईटी का गठन किया गया था।

# मुंबईः नुस्ली नेविल वाडिया समेत उनके परिवार और सहयोगियों के खिलाफ धोखाधड़ी और जालसाजी का गंभीर मामला दर्ज



**मुंबईः** मुंबई पुलिस ने देश के चर्चित बिजनेस टायकून और बॉम्बे डाइंग ग्रुप के चेयरमैन नुस्ली नेविल वाडिया समेत उनके परिवार और सहयोगियों के खिलाफ धोखाधड़ी और जालसाजी का गंभीर मामला दर्ज किया है. यह केस करीब तीन दशक पुराने डेवलपमेंट एग्रीमेंट से जुड़ा है, जो वाडिया परिवार और फेरानी होटल्स प्राइवेट लिमिटेड के बीच मालाड स्थित एक भूखंड को लेकर हुआ था. शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि वाडिया परिवार ने अदालती कार्यवाही के दौरान फर्जी और मनगढ़ंत दस्तावेज पेश किए ताकि वित्तीय लाभ उठाया जा सके. मामला बोरीवली कोर्ट में पहुंचा, जहां से आदेश के बाद बांगुर नगर पुलिस ने नुस्ली वाडिया (81), मॉरीन वाडिया (78), नेस वाडिया (54), जहांगीर वाडिया (52), एच. जे. बमजी (75), के. एफ. भरूचा और आर. ई. वांडेवाला (65) पर FIR दर्ज की.

पुलिस ने इस केस को भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4), 331(2), 336(3), 339, 340(2), 61(2) और 3(5) के तहत दर्ज किया है. जांच अधिकारियों का कहना है कि ये धाराएं गंभीर धोखाधड़ी, छल और अवैध लाभ के लिए नकली दस्तावेजों के इस्तेमाल से जुड़ी हैं.

वाडिया परिवार लंबे समय से देश के बिजनेस और कॉपोर्रेट जगत की प्रतिष्ठित शख्सियतों में गिना जाता है. नेस वाडिया पहले किंग्स क पंजाब (अब पंजाब किंग्स) आईपीएल टीम के सह-मालिक रह चुके हैं. वहीं, नुस्ली वाडिया उद्योग जगत की दिग्गज हस्ती हैं. इस हाई-प्रोफाइल FIR के बाद कारोबारी और कानूनी हलकों में हलचल मच गई है. पुलिस सूत्रों के मुताबिक, अब मामले की विस्तृत जांच की जा रही है और कोर्ट के निर्देशों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी.

# मुंबईः पूर्व आईएएस प्रशिक्षु पूजा खेडकर के माता-पिता के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी

**मुंबईः** मुंबई और नवी मुंबई की पुलिस ने पूर्व आईएएस प्रशिक्षु पूजा खेडकर के माता-पिता दिलीप और मनोरमा खेडकर के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया है। पूजा पिछले साल शारीरिक विकलांगता के बारे में झूठ बोलने और आईएएस परीक्षा पास करने के लिए पिछड़ा वर्ग का फर्जी प्रमाण पत्र बनाने के कारण सुर्खियों में आई थीं। यह नोटिस पिछले हफ़्ते नवी मुंबई में हुई एक रोड रेज की घटना के सिलसिले में जारी किया गया है। इसमें एक कंक्रीट मिक्सर ट्रक ने खेडकर परिवार के एक निजी वाहन एक एसयूवी को टक्कर मार दी थी।

इस दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर बहस हुई और मामला इतना बढ़ गया कि दिलीप खेडकर और उनके बॉडीगार्ड प्रफुल सालुंखे ने ट्रक ड्राइवर के सहयोगी 22 वर्षीय पीके चौहान का कथित तौर पर अपहरण कर लिया और आर्थिक मुआवजा मांगा। चौहान ने यह भी दावा किया कि उन्हें जान से मारने की धमकियां मिल रही थीं। चौहान को आखिरकार खेडकर के पुणे स्थित बंगले से छुड़ाया गया। उसे घरेलू नौकर के क्वार्टर में छिपा दिया गया था। हालांकि दिलीप या मनोरमा खेडकर का कोई सुराग



नहीं मिला।

दोनों नौ दिनों से फरार हैं और शायद देश छोड़कर भाग गए हैं। पिछले हफ़्ते जब पुलिस ने ट्रक ड्राइवर को खेडकर के घर तक पहुंचाया, तो मनोरमा खेडकर ने उन्हें बंगले में घुसने से रोक दिया। उन्होंने पुलिस को आश्वासन दिया कि वह दोपहर 3 बजे तक आरोपी को स्थानीय पुलिस स्टेशन ले आएंगी। उनकी बात पर विश्वास करके अधिकारी चले गए। हालांकि उन्होंने ऐसा कुछ नहीं किया। जब पुलिस वापस लौटी, तो कथित तौर पर उन्होंने पुलिस पर सुरक्षा कुत्ते छोड़ दिए।

24 घंटे बाद पुलिस फिर लौटी। तब तक मनोरमा खेडकर जा चुकी थीं। ट्रक ड्राइवर के अपहरण के तुरंत बाद दिलीप खेडकर लापता हो गए। कथित तौर पर बॉडीगार्ड और उन्होंने चौहान को बंगले में बंद कर दिया और गाड़ी लेकर भाग गए। कुछ दिनों बाद गिरफ्तार किए गए बॉडीगार्ड ने पुलिस को बताया कि वह दिलीप खेडकर को अहमदनगर ले गया था, जिसके बाद उसे छोड़ दिया गया।

सूत्रों के अनुसार, एक चौथा व्यक्ति, जिसकी अभी तक पहचान नहीं हो पाई है, भी पुलिस की रडार पर है। हाल केसालों में खेडकर परिवार कई विवादों में रहा है। पिछले साल एक वायरल वीडियो में मनोरमा खेडकर जमीन विवाद को लेकर हुए विवाद के दौरान बंदूक लहराती दिखाई दी थीं। इस वीडियो के बाद लोगों में आक्रोश फैल गया और रायगढ़ के हिरकानीवाड़ी गांव से उन्हें गिरफ़्तार कर लिया गया। मई में सुप्रीम कोर्ट ने पूजा खेडकर को अग्रिम जमानत दे दी थी। अदालत ने कहा था कि अगर उन्हें गिरफ़्तार किया जाता है, तो उन्हें 35,000 रुपये के जमानत पर रिहा किया जा सकता है।

## चंद्रपुर : खाताधारकों के 20 आवर्ती जमा खातों से 15.95 लाख रुपये की हेराफेरी के आरोप... डाक विभाग के दो अधिकारियों के खिलाफ जाँच शुरू




**चंद्रपुर :** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने चंद्रपुर मंडल के गोविंदपुर शाखा कार्यालय के विभिन्न खाताधारकों के 20 आवर्ती जमा खातों से 15.95 लाख रुपये की कथित हेराफेरी के आरोप में डाक विभाग के दो अधिकारियों के खिलाफ जाँच शुरू की है। डाक अधिकारियों द्वारा शिकायत दर्ज सीबीआई सूत्रों के अनुसार, सीबीआई नागपुर शाखा को डाक विभाग, चंद्रपुर के वरिष्ठ अधीक्षक एस. रामकृष्ण से एक लिखित शिकायत प्राप्त हुई थी, जिसमें चंद्रपुर मंडल के अल्लापल्ली उप-डाकघर के एक उप-डाकपाल और गोविंदपुर शाखा कार्यालय के एक अन्य अधिकारी के खिलाफ गोविंदपुर शाखा कार्यालय के विभिन्न खाताधारकों के 20 आवर्ती जमा खातों से 15.95 लाख रुपये की हेराफेरी करने के आरोप में उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया था।

## मुंबई : वांछित गैंगस्टर रॉयल सिंह को मुम्बई पुलिस ने गिरफ्तार

**मुंबईः** पुलिस के वांछित गैंगस्टर रॉयल सिंह को मुम्बई पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि वह जम्मू से भाग कर इन दिनों मुम्बई में छुपा हुआ था। जहां जम्मू पुलिस की सूचना पर उसे वहां पकड़ा है। रॉयल सिंह को जम्मू लाने के लिए पुलिस की एक टीम मुम्बई के लिए रवाना हो गई है। बीते माह ही रॉयल सिंह ने जम्मू के गांधी नगर में एक होटल में प्रतिद्वंद्वी गैंग के सदस्य की हत्या करने की मंशा से पिस्तौल लहराते हुए घूस गया था। जिसके बाद गांधी नगर पुलिस थाने में उसके विरुद्ध मामला दर्ज हुआ था और वह जम्मू से भाग निकला था।



रॉयल सिंह इसके बाद जम्मू पुलिस के बचते मुम्बई में छुपा हुआ था। जल्द जम्मू पुलिस की टीम उसे लेकर जम्मू आएगी। जम्मू के अलावा उस पर पंजाब में भी हत्या, हत्या के प्रयास, मादक पदार्थों की तस्करी जैसे संगीन मामले भी दर्ज है। बीते वर्ष मार्च माह में मोहाली में हुए जम्मू के गैंगस्टर राजेश डोगरा की हत्या में भी रॉयल सिंह का नाम आया था। जिसके बाद उस पर मोहाली पुलिस ने मामला भी दर्ज किया है। इसके अलावा इसी मई 2024 में पंजाब पुलिस की क्राइम ब्रांच ने कपूरथला मार्ग पर उसे मादक पदार्थों के साथ गिरफ्तार किया था।

रॉयल सिंह पर जम्मू की जेल में बैठकर वहां से फिरौती का धंधा चलाने का आरोप भी है। जेल के छुटने के बाद वह कुछ देर के लिए दिल्ली चला गया था वहां बैठकर भी उसने जम्मू के व्यापारियों से फिरौती मांगी थी। वर्ष 2009 में पूर्व एमएलसी के बेटे अमनदीप सिंह की हत्या के बाद रॉयल सिंह चर्चा में आया था। उसके बाद से रॉयल सिंह एक के बाद एक कई आपराधिक वारदातों में शामिल रहा और वह अपना गैंग चल रहा था। उसके साथ जम्मू के कई युवा जुड़े जो उसके लिए काम करते है। बताया जा रहा है कि रॉयल सिंह का नेटवर्क अब पंजाब और दिल्ली में भी है। वहां के गैंगस्टर के साथ मिलकर वह काम कर रहा है।

## मुंबई : 28 सितंबर 2025 को "संत समागम एवं क्षमापना दिवस" का भव्य आयोजन

**मुंबई :** महावीरायतन फाउंडेशन के तत्वावधान में ''संत समागम एवं क्षमापना दिवस'' का भव्य आयोजन रविवार, 28 सितंबर 2025 को दोपहर 2:30 बजे तेरापंथ भवन, कांदिवली (पूर्व), मुंबई में संपन्न होगा।



इस अवसर पर पंजाब के राज्यपाल माननीय श्री गुलाब चंद कटारिया जी मुख्य अतिथि तथा केंद्रीय मंत्री श्री पद यशो नायक जी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। यह महोत्सव सम्पूर्ण मानवता में शांति, करुणा और क्षमा का संदेश जन-जन तक पहुँचाने का पावन प्रयास है। विविध संस्कृतियों, विचारधाराओं और समुदायों को एक सूत्र में बाँधते हुए यह आयोजन आत्मीयता, सद्भाव और अहिंसा के वैश्विक मूल्यों की स्थापना में ऐतिहासिक पहल सिद्ध होगा।

कार्यक्रम में विचारगोष्ठियाँ, सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ और शास्त्रीय संगीत की झलकियाँ शामिल होंगी, जो समारोह की गरिमा को और बढ़ाएँगी। इस अवसर पर महाराष्ट्र सरकार के मंत्री श्री मंगलप्रभात लोढ़ा, सांसद श्री मिलिंद देवड़ा सहित अनेक राजनेता, संत, कलाकार, उद्योगपति और समाजसेवी इस आयोजन की शोभा बढ़ाएँगे। जैन समाज के चारों संप्रदायों के साधु-संतों का पावन सान्निध्य तथा देश-विदेश से पधारे विशिष्ट महानुभाव इस कार्यक्रम को और अधिक समृद्ध बनाएँगे। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली विभूतियों का सम्मान भी किया जाएगा। श्रद्धेय स्वामी देवेंद्र ब्रह्मचारी जी की परिकल्पना से जन्मा यह आयोजन आध्यात्मिकता और सामाजिक चेतना का अनुपम समन्वय प्रस्तुत करेगा। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण प्रमुख टेलीविजन चैनलों, न्यूज पोर्टलों और समाचार पत्रों के माध्यम से होगा, ताकि क्षमा और करुणा का यह संदेश व्यापक जन-जन तक पहुँच सके।

## नवी मुंबई : निजी स्कूल वैन पेड़ से टकरा जाने से दो छात्र और चालक घायल

**नवी मुंबई :** वाशी के सेक्टर-9 में मंगलवार सुबह एक निजी स्कूल वैन के नियंत्रण खोने और सड़क किनारे एक पेड़ से टकरा जाने से दो छात्र और चालक घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, वैन फादर एग्नेल स्कूल के दस छात्रों को लेकर जा रही थी, जब सुबह करीब 7 बजे यह हादसा हुआ। बताया जा रहा है कि चालक ने



वाहन से नियंत्रण खो दिया, जिससे वह सड़क से उतरकर एक पेड़ से जा टकराई। घायल छात्रों को तुरंत वाशी के एमजीएम अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज किया गया और बाद में उन्हें छुट्टी दे दी गई। चालक को भी मामूली चोटें आई हैं। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक शशिकांत चांदेकर ने पुष्टि की है कि दुर्घटना के संबंध में वैन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने आगे कहा कि चालक ने दावा किया है कि वैन का स्टीयरिंग लॉक हो गया था, जिससे दुर्घटना हुई। अधिकारी ने कहा कि क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) अब दावे की पुष्टि के लिए वाहन का तकनीकी निरीक्षण करेगा। पुलिस ने घटना की आगे की जाँच शुरू कर दी है।

# एनएमआईएएल आसपास के क्षेत्र में आवासीय संपत्तियों की मांग आसमान छू रही है

**नवी मुंबई :** अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा (एनएमआईएएल) 30 सितंबर, 2025 को अपने उद्घाटन की तैयारी कर रहा है, और आसपास के क्षेत्र में आवासीय संपत्तियों की मांग आसमान छू रही है। इस वृद्धि को देखते हुए, पहले चरण में, एनएमआईएएल ने वाधवा समूह के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसके तहत अक्टूबर 2025 से हवाई अड्डे के



कर्मचारियों और परिवारों के लिए अपने प्रमुख एकीकृत टाउनशिप, वाधवा वाइज सिटी, पनवेल में 405 रेडी-टू-मूव फ्लैट्स उपलब्ध कराए जाएँगे। यह सहयोग नैना क्षेत्र में बड़े पैमाने पर बुनियादी ढाँचा परियोजनाओं और रियल एस्टेट के बीच सहजीवी विकास का प्रमाण है।

नवी मुंबई हवाई अड्डा प्रभाव अधिसूचित क्षेत्र (एनएआईएनए) में 450 एकड़ में फैला, वाधवा वाइज सिटी, नवी मुंबई की पहली और सबसे बड़ी एकीकृत टाउनशिप परियोजना है। 3000 से अधिक ऑक्यूपेशन सर्टिफिकेट (ओसी)-तैयार इकाइयों के साथ, टाउनशिप में तेजी से लोगों का प्रवेश हो रहा है, और इसने प्रसिद्ध फादर जैसे कई अन्य आगामी सामाजिक बुनियादी ढाँचे की योजना बनाई है। एग्नेल स्कूल सीबीएसई पाठ्यक्रम, खुदरा स्थान, स्वास्थ्य सेवा केंद्र, भूदृश्य उद्यान और मनोरंजक सुविधाएँ प्रदान करता है। नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के अपने पहले चरण में प्रतिवर्ष 2 करोड़ यात्रियों को संभालने का अनुमान है, जो अंततः बढ़कर 9 करोड़ यात्रियों तक पहुँच जाएगा। हवाई अड्डे के पूरक के रूप में, इस क्षेत्र को नया रूप देने वाली प्रमुख बुनियादी ढाँचागत पहल हैं:

## मुंबई-अहमदाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर बड़ा हादसा; तेज रफ़्तार कंटेनर ने कार को मार दी टक्कर; 5 लोग गंभीर रूप से घायल

**पालघर :** पालघर के दुर्वेस के पास मुंबई-अहमदाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक बड़ा हादसा हुआ, जब एक तेज रफ़्तार कंटेनर ने एक कार को टक्कर मार दी। यह टक्कर गुजरात जाने वाली लेन पर हुई, जिससे कार में सवार पाँच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को मनोर के एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहाँ उनका इलाज चल रहा है। इस दुर्घटना के कारण गुजरात जाने वाले मार्ग पर भारी जाम लग गया, जिससे यात्रियों की परेशानी और बढ़ गई। आगे की जाँच जारी है।

## मुंबई : विकास कार्यों को निर्धारित समय सीमा का पालन करना चाहिए और उच्च मानकों को बनाए रखना चाहिए- शिंदे

**मुंबई :** जिला योजना और विकास समिति (डीपीडीसी) की बैठक के दौरान, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए निर्धारित समय सीमा के भीतर विकास परियोजनाओं को पूरा करने के महत्व पर जोर दिया। मुंबई शहर के संरक्षक मंत्री के रूप में, शिंदे ने इस बात पर प्रकाश डाला कि शहर के सर्वांगीण विकास के लिए परियोजनाओं का समय पर और गुणात्मक रूप से पूरा होना महत्वपूर्ण है।

शिवसेना यूबीटी विधायक आदित्य ठाकरे, जो डीपीडीसी के सदस्य हैं, लगातार दूसरी बार बैठक में अनुपस्थित रहे। उनके पार्टी के सहयोगी, मुंबई दक्षिण से सांसद अरविंद सावंत और मुंबई दक्षिण मध्य से अनिल देसाई भी उपस्थित नहीं हुए। शिंदे ने



इस बात पर जोर दिया कि मुंबई शहर जिले को सभी सतत विकास लक्ष्यों में सबसे आगे रखने के लिए हर योजना को प्रभावी ढंग से लागू किया जाना चाहिए।

शिंदे के कार्यालय के एक बयान के अनुसार, उन्होंने दोहराया कि डीपीडीसी के तहत सभी विकास कार्यों को निर्धारित समय सीमा का पालन करना चाहिए और उच्च मानकों को बनाए रखना चाहिए। वर्ष 2025-26 की वार्षिक जिला योजना के लिए, सामान्य योजनाओं के लिए 528 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, साथ ही अनुसूचित जातियों से संबंधित परियोजनाओं के लिए अतिरिक्त 22 करोड़ रुपये निर्धारित किए गए हैं। शिंदे ने आग्रह किया कि स्वीकृत कार्यों और धन का उपयोग निर्दिष्ट अवधि के भीतर किया जाना चाहिए। उन्होंने लंबित आवास परियोजनाओं को सुव्यवस्थित करने को भी प्राथमिकता दी, जिसमें झुग्गी पुनर्वसन प्राधिकरण (एसआरए), मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए), सिडको, बृहन्मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) और म्हाडा जैसी एजेंसियों को प्रभावी ढंग से सहयोग करने का निर्देश दिया।

## कल्याण : 17 साल की नाबालिग लड़की के साथ गैंगरेप

**कल्याण :** मुंबई से सटे कल्याण में एक 17 साल की नाबालिग लड़की के साथ गैंगरेप का दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है. पुलिस ने इस मामले में सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है. यह घटना क्रूरता का चरम उदाहरण है. इससे मुंबई जैसे शहर में महिलाओं की सुरक्षा पर सवाल उठता है. पुलिस के अनुसार इस मामले की शुरूआत तब हुई जब एक आरोपी ने पीड़ित नाबालिग लड़की के साथ बलात्कार किया और इस कृत्य का वीडियो बना लिया. इस वीडियो का इस्तेमाल कर उसने पीड़ित को ब्लैकमेल करना शुरू किया. इसके बाद उसने अपने छह अन्य दोस्तों को इस जघन्य अपराध में शामिल किया.

इन सात आरोपियों ने मिलकर पांच



महीनों तक पीड़ित लड़की का बार-बार यौन शोषण किया. इस दौरान वे लगातार वीडियो बनाते रहे और उसे ब्लैकमेल कर चुप रहने के लिए मजबूर करते रहे. इस अमानवीय कृत्य का परिणाम यह हुआ कि पीड़ित लड़की गर्भवती हो गई और बाद में उसका गर्भपात भी हो गया. मामला तब उजागर हुआ जब पीड़ित के परिवार के पास एक वीडियो पहुंचा, जिसके बाद इस भयावह अपराध का खुलासा हुआ.

## रिहायशी इमारत की पहली मंजिल का स्लैब गिर गया... जिससे भूतल पर रहने वाले दो लोग घायल



**मुंबई :** बोरीवली स्थित एक रिहायशी इमारत की पहली मंजिल का एक स्लैब गिर गया, जिससे भूतल पर रहने वाले दो लोग घायल हो गए। यह हादसा बोरीवली पश्चिम के चंदावरकर रोड स्थित गीता मंदिर सीएचएस में हुआ। पीड़ितों की पहचान जयेश वखाडिया (57) और गीता वखाडिया (60) के रूप में हुई है। दोनों को बोरीवली के एपेक्स अस्पताल ले जाया गया।

सौभाग्य से, उन्हें गंभीर चोटें नहीं आईं और आवश्यक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। एक नगर निगम अधिकारी ने कहा, "सुबह 9:30 बजे मुंबई फायर ब्रिगेड को घटना की सूचना मिली। यह बोरीवली पश्चिम के चंदावरकर रोड स्थित बिल्डिंग नंबर 20 में हुई। प्लास्टर का कुछ हिस्सा टूट गया था। फायर ब्रिगेड, पुलिसकर्मी और स्थानीय वार्ड के कर्मचारी तुरंत मौके पर पहुँचे। दो लोगों को मामूली चोटें आईं और उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।"

## मुंबई : नेरुल-उरण रूट पर जल्द ही यात्रियों की भीड़ कम होने वाली है; हार्बर मार्ग पर दो नए स्टेशन

**मुंबई :** वासियों के लिए एक अच्छी खबर है। मुंबई लोकल के नेरुल-उरण रूट पर जल्द ही यात्रियों की भीड़ कम होने वाली है। इस रूट पर नई ट्रेनें चलाई जाएंगी और ट्रेनों के फेरे बढ़ाए जाएंगे जिससे यात्रियों भीड़ में काफी कमी होगी। इसके अलावा जल्द ही हार्बर मार्ग पर दो नए स्टेशन भी खोले जाएंगे। जिससे यात्रियों को दो नए स्टेशन मिलेंगे। हाल ही में हार्बर मार्ग पर नेरुल से उरण तक रेलवे लाइन शुरू हुई थी, जिसमें खारकोपर से उरण तक का मार्ग यात्रियों के लिए सेवा में आ चुका है। नेरुल से उरण मार्ग पर फिलहाल 11 स्टेशन हैं। इनमें से दो स्टेशनों का काम लगभग पूरा



हो चुका है। ज्यादा जानें मनोरंजन केंद्र कौन से हैं वो दो स्टेशन? उरण मार्ग पर गव्हाण और तारघर नामक दो रेलवे स्टेशनों का निर्माण कार्य लगभग 90 प्रतिशत पूरा हो गया है। उम्मीद है कि ये स्टेशन जल्द ही जनता के लिए खोल दिए जाएंगे। तारघर रेलवे स्टेशन नवी मुंबई हवाई अड्डे के बेहद करीब स्थित है, जिससे मुंबई से आने वाले यात्रियों को काफी सुविधा मिलेगी। तारघर स्टेशन बेलापुर और बामनडोंगरी के बीच स्थित होगा, जबकि गव्हाण स्टेशन खारकोपर और शेमातीखार के मध्य बनाया जाएगा। आने वाले समय में नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा भी खुलने वाला है। हवाई अड्डे के करीब स्थित तारघर रेलवे स्टेशन का काम अपने अंतिम चरण में है।

इस रेलवे रूट पर होंगें 11 स्टेशन इस मार्ग पर कुल ग्यारह रेलवे स्टेशन हैं, जिनमें नेरुल, सीवुड-दारावे, सागरसंगम, तारघर, बामनडोंगरी, खारकोपर, गव्हाण, न्हावाशेवा, रंजनपाड़ा, द्रोणागिरी और उरण शामिल हैं।

20 अतिरिक्त ट्रेनों का संचालन सेंट्रल रेलवे ने सीवुड दारावे-बेलापुर उरण रेलवे मार्ग पर 20 अतिरिक्त लोकल ट्रेनों की घोषणा की है। इन बढ़ी हुई सेवाओं को अक्टूबर में जारी होने वाले नए टाइम टेबल में शामिल किया जाएगा, जिससे इस रूट पर यात्रियों को बेहतर सुविधा मिल सकेगी।

संपर्क कार्यालय : रोहिरा हाउस फ्लैट नो 8 दूसरा माला पाकीजा बेकरी के सामने कैडल रोड माहिम पश्चिम मुंबई ४०००१६
मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com